सार-समाचार

कुआं खोदते समय मिट्टी धंसी, एक की मौत

तारानगर (निसं)। कस्बे के निकटवर्ती गाँव बुचावास में सोमवार को कुई (कुआँ) खोदते समय मिट्टी धंस जाने से एक दर्दनाक हादसा हो गया। हादसे में 45 वर्षीय मज़दूर की मौत हो गई। भालेरी पुलिस से मिली जानकारी अनुसार बुचावास निवासी दयाराम पुत्र राउराम मेघवाल (45) गांव के दारासिंह तेतरवाल के घर के बाहर कुई खोद रहा था। पास ही हाइवे था इस दौरान अचानक मिट्टी धंस गई और दयाराम नीचे दब गया।घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीण मौके पर पहुंचे और बचाव कार्य शुरू किया गया। करीब 1 घंटे की कडी मशक्कत और 3 जेसीबी की मदद से दयाराम को बाहर निकाला गया। गंभीर हालत में उसे एंबुलेंस से तारानगर के अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे की खबर फैलते ही गांव और अस्पताल में बडी संख्या में लोग एकत्र हो गए। सूचना पर भालेरी थाने से एएसआई हरफूल सिंह जाब्ते सहित मौके पर पहुंचे, शव को तारानगर अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया, आगे की कार्यवाही जारी हैं।

राजकीय विद्यालय में अलमारी भेंट की

रतनगढ़ (निसं)। हनुमान प्रसाद सीताराम सेवा समिति ने सोमवार को ग्राम नूवां के राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में एक अलमारी भेंट की। समिति के अध्यक्ष सीताराम शर्मा ने अपनी पुत्रवधू सीए अंजलि शर्मा के जन्मदिन पर विद्यालय में अलमारी भेंट की तथा सभी विद्यार्थियों को चॉकलेट वितरित की। प्रधानाचार्य युनुस सलीम कुरैशी की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजसेवी सीताराम शर्मा, विशिष्ट अतिथि योगाचार्य सांवरमल जांगिड़, नागरमल प्रजापत, हरिराम, राकेश मेघवाल, रामदेव प्रजापत, धर्मपाल, विक्रम सिंह मंचस्थ अतिथि थे। इस मौके पर मुख्य अतिथि शर्मा ने समिति के सेवा कार्यों की जानकारी देते हुए समाज के विकास में सभी से सहयोग का आव्हान किया। शर्मा ने अधिकाधिक वृक्षारोपण और पर्यावरण संरक्षण की महत्ता पर बल दिया। विशिष्ट अतिथि योगगुरु सांवरमल प्रजापत ने योग और स्वास्थ्य पर प्रेरणादायक व्याख्यान दिया। प्रधानाचार्य युनुस सलीम कुरैशी ने समिति द्वारा राजकीय विद्यालयों में दिए जा रहे सहयोग को अनुकरणीय बताते हुए अतिथियों का शाब्दिक स्वागत किया।

दिपावली स्नेह मिलन समारोह मनाया

खिरोड, (निसं)। गोल्याणा बस स्टैंड के पास देवसेना के पदाधिकारी ने दिपावली स्नेह मिलन समारोह मनाया गया। देवसेना के प्रदेश सचिव धर्मपाल गुर्जर केसरीपुरा ने कहा कि त्योहारों की लोकप्रियता खत्म होती जा रही है। देवसेना प्रदेश सचिव गुर्जर ने कहा कि सभी लोगों ने एक दूसरे से गले मिलकर एक दूसरे को मिठाई खिलाकर राम श्याम बोलकर प्यार सौहार्द भाईचारा हमेशा कायम रखने की बात कही। देवसेना महामंत्री रोशन कसाना को गुलदस्ता भेंट कर सम्मान स्वागत किया गया। वहीं सभी समाज के लोगों ने कोटपूतली पनियाला मोड़ पर गुर्जर समाज सुधार समिति के 11 बिंदुओं पर चर्चा करके इन्हें पालन करने की बात कही। आगामी पांच दिसंबर को उदयपुरवाटी में बड़ी महापंचायत करने की बात कही। महामंत्री रोशन कसाना ने कहा कि आज भी गुर्जर समाज के बालिका शिक्षा पहाड़ी क्षेत्र के अंदर बहुत कम है उसको बढ़ावा दिया जाएगा। इस मौके पर महेश भाटी, रामनिवास गुर्जर, गोवर्धन गुर्जर, जितेंद्र गुर्जर, समाजसेवी पप्पू भाटी, रोहिताश चौहान, रामजीलाल गुर्जर, सोहनलाल चौहान, मुकेश चौहान, मुकेश डोई शहीद कई लोग मौजूद रहे।

वुलन मार्केट का शुभारंभ

चूरू (निसं)। स्थानीय पुरानी सड़क स्थित बडौदा बैंक के सामने सोमवार को हिमाचल वुलन मार्केट का उद्घाटन मुख्य अतिथि इंजी. सुरेश शर्मा ने फीता काटकर किया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि समाजसेवी हिदायत खां थे। इस दौरान अतिथियों ने दीप प्रज्जवलित कर मार्केट का विधिवत् शुभारम्भ किया। संचालक अशोक राजपूत ने बताया कि हमारे यहां ग्राहकों की डिमांड के अनुसार लेडीज, जेन्टस एवं बच्चों के सभी प्रकार के गर्म कपडे उचित दर पर उपलब्ध हैं। उन्होंने बताया कि यहां जाकेट, शॉल, कोट, स्वेटर, कैप सहित सभी प्रकार के उच्च क्वालिटी के गर्म कपड़े मिलते हैं। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये मुख्य अतिथि इंजी. सुरेश शर्मा ने कहा कि ग्राहकों से मृदुल व्यवहार व उच्च गुणवत्ता युक्त सामान ही उस प्रतिष्ठान की पहचान को दर्शाता है। इस अवसर पर सचिन राजपूत, विजय, बुसरा, रवीना, अनु, अशोक श्रीमोर, बोवी, प्रमोद सहित स्टाफ सदस्य व शहर के गणमान्यजन उपस्थित थे।

श्रीराम मंदिर का शिलान्यास किया

चूरू (निसं)। सरदारशहर रोड स्थित शेखावाटी सीटी में सोमवार को विधायक हरलाल सहारण ने श्रीराम मंदिर का शिलान्यास किया। समाजसेवी गौरीशंकर मण्डावेवाला के सौजन्य से बन रहे मंदिर के शिलान्यास समारोह के दौरान विधायक हरलाल सहारण ने कहा कि इस विकासशील कॉलोनी में जब भगवान श्रीराम का भव्य मंदिर बनेगा तो न केवल आध्यात्मिक वातावरण का निर्माण होगा, बल्कि कोलोनीवासी एक सादा जीवन यापन कर सकेंगे। आर्किटेक्ट अनुराग शर्मा ने मंदिर निर्माण की शैली व वास्तुकला के साथ बनाए जाने वाले मंदिर की पृष्ठभूमि को रेखांकित किया। उन्होंने बताया कि राम दरबार सहित मंदिर में भगवान आशुतोष भी परिवार के साथ विराजमान होंगे। इस अवसर पर भाजपा विधानसभा प्रभारी पदमसिंह, सुनील ढाका, संजय खेमका, विकास, लालचंद लोहिया, आकाश गोयनका, अंकित बाजोरिया व राकेश थालौड़ आदि मौजूद थे। शेरू गोयनका ने सभी का आभार व्यक्त किया।

वैकुंठ चतुर्दशी आज

सीकर (निसं)। श्री कल्याण धाम सीकर में धर्मगुरु सनातन रत्न महंत विष्णु प्रसाद शर्मा के सानिध्य में चल रहे चतुर्मास का समापन कार्तिक पूर्णिमा पर होगा जिसके अंतर्गत दिनांक 04 नवम्बर 2025 को वैकुंठ चतुर्दशी पर भगवान कल्याण धणी का विशेष श्रृंगार एवं महाआरती सायं काल 07:00 बजे होगी इसी क्रम में मन्दिर व्यवस्थापक रवि प्रसाद शर्मा ने बताया कि चतुर्मास के दौरान चल रहे हवन की दिनांक 05 नवम्बर 2025 को दोपहर 12;00 बजे हवन पूर्णाहुति होगी तत्पश्चात 12:15 बजे महाआरती , 12;30 बजे महाप्रसाद , सायं काल 06:15 बजे भव्य दीपोत्सव होगा जिसमें 5100 दीपकों से मंदिर को सजाया जाएगा सायं काल 07:00 बजे महाआरती इत्यादि कार्यक्रम होंगे।

बरसी पर सत्संग व भंडारे का आयोजन

झुंझुनूं, (निसं)। श्री श्री 1008 श्री जोरादास जी महाराज की आठवीं पुण्यतिथि पर बाबा रामदेव जी मंदिर सारी में सत्संग भंडारा का आयोजन किया गया। पीठाधीश्वर महंत कैलाशदास महाराज सारी ने बताया कि सुबह पूजा पाठ हवन किया गया। उसके बाद भंडारा शुरू हुआ। भंडारे के साथ-साथ ही सत्संग का आयोजन किया गया। जिसमें संत लक्ष्मीदास महाराज, फतेहदास महाराज, शीशरामदास महाराज, संजयदास महाराज, रामदास, श्रुति साहेब ने गुरुजी की महिमा का गुणगान किया। इस अवसर पर मोनिका बीकानेरी, विनोद कुमार, ओमप्रकाश लोनिवाल, कर्मवीर देवान, बिहारीलाल कडवासरा, हड़दयाल, शक्तिसिंह मोई, सीताराम त्यागी, राजेश बजाड, सुरेश चितौसा, लक्ष्मण सपेरा, चंदगीराम जसरापुर, सुनिल लोयल, किशनलाल कडवासरा उपस्थित रहे।

कौशल संवर्धन योजना का शुभारंभ

तारानगर (निसं)। तारानगर नगरपालिका की पार्षद रेखा शर्मा ने सोमवार को एक निजी कम्प्यूटर सेंटर में राजस्थान सरकार के महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से संचालित योजना का शुभारंभ किया जिसके तहत महिलाओं एवं बालिकाओं को निःशुल्क कम्प्यूटर प्रशिक्षण दिया जायेगा इस अवसर पर चयनित सभी महिलाओं व बालिकाओं को निःशुल्क पुस्तकें व पेन देकर कम्प्यूटर पर प्रशिक्षण की कक्षाएं शुरू की गई। इस अवसर पर जितेंद्र शर्मा, सुनीता शर्मा, हर्ष शर्मा, राकेश कुमार, रमाकांत प्रजापत, गजेंद्र शर्मा, विपिन वर्मा आदि उपस्थित रहे।

पूर्व सैनिकों और वीरांगनाओं की समस्याओं का समाधान शिविर सात को

सीकर, (निसं)। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी सीकर कर्नल बिजेंद्र सिंह महला ने बताया कि 7 नवम्बर को प्रातः 11.30 बजे शहीद स्मारक जयपाल सिंह ग्राम खींवासर में पूर्व सैनिकों और वीरांगनाओं की समस्याओं के समाधान के लिए विशेष शिविर का आयोजन किया जायेगा। शिविर में सभी पूर्व सैनिक और वीरांगनाएं अपनी समस्याएं लेकर पहुंच सकते हैं और अपनी समस्याओं का मौके पर ही निवारण करवा सकते हैं। सभी पूर्व सैनिक अपने साथ पीपीओ, डिस्चार्ज बुक व बैंक पास बुक साथ लेकर आयें।

अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने लंबित प्रकरणों का त्वरित निस्तारण के निर्देश दिये

सीकर, (निसं)। अतिरिक्त जिला कलेक्टर रतन कुमार की अध्यक्षता में सोमवार को आयोजित साप्ताहिक समीक्षा बैठक में विभिन्न विभागीय योजनाओं की प्रगति, संपर्क पोर्टल पर लंबित प्रकरणों, ई-फाइल निस्तारण और मुख्यमंत्री कार्यालय से प्राप्त ऑनलाइन प्रकरणों के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए गए। अतिरिक्त जिला कलेक्टर रतन कुमार ने ई-फाइल निस्तारण में तेजी लाने और सभी विभागों द्वारा लंबित प्रकरणों का शीघ्र समाधान सुनिश्चित करने पर जोर दिया।

अतिरिक्त जिला कलेक्टर रतन कुमार ने विभागों को निर्देश दिए कि संपर्क पोर्टल पर दर्ज प्रकरणों का संतुष्टि स्तर पर त्वरित निस्तारण कर रिपोर्ट प्रेषित करें।

उन्होंने पुलिस, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, कृषि, आबकारी, शिक्षा, महिला एवं बाल विकास विभाग सहित अन्य विभागीय अधिकारियों को निर्धारित समय सीमा में गंभीरता के साथ निस्तारण करवाने को कहा।

अतिरिक्त जिला कलेक्टर रतन कुमार ने बताया कि मुख्य सचिव के निर्देशों की पालना में नगर निकाय एवं पीडब्ल्यूडी के निर्माण कार्यों की गुणवत्ता का 1 से 20 नवम्बर तक निरीक्षण कर 30 नवंबर तक रिपोर्ट भेजना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने लाडो प्रोत्साहन योजना, कुसुम योजना ए व सी, रीकों को भूमि आवंटन, एवीएनएल को सूर्य घर सोलर योजना में प्रगति बढ़ाने तथा कृषि विभाग को तारबंदी योजना, सोलर दीदी ड्रोन योजना में भी लक्ष्य अनुसार प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि ग्रामीण सेवा शिविरों में टीकाकरण, जल संसाधन, आईसीडीएस , प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना, वन विभाग एवं वृक्षारोपण कार्यों में प्रगति बढाने तथा पशुपालन विभाग को मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना में शीतकाल के दौरान पशुओं की देखभाल के लिए अग्रिम प्रबंध सुनिश्चित करने एवं ई-फाइल डिस्पोज़ल में औसत समय कम करने के निर्देश दिए।

जिले में एक से 15 नवम्बर तक जिला स्तर पर आयोजित होने वाले जन जाति गौरव वर्ष भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयन्ती तथा राज्य सरकार द्वारा राष्ट्रगीत वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में 7 से 15 नवम्बर तक जिले में होने वाले जिला स्तरीय कार्यक्रम के संबंध में पर्यटन विभाग, शिक्षा विभाग, ग्रामीण विकास विभाग सहित संबंधित विभागों को कार्यक्रमों के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

अतिरिक्त जिला कलेक्टर (सिटी) भावना शर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री कार्यालय से प्राप्त अनुसूचित जाति एवं जनजाति आयोग से जुड़े प्रकरणों में खनिज, सीएमएचओ, पंचायती राज एवं राजस्व विभाग शीघ्र जवाबनामा प्रस्तुत कर रिपोर्ट भिजवाने के निर्देश दिए।

बैठक में सीईओ जिला परिषद राजपाल यादव, सहायक निदेशक प्रशासनिक सुधार विभाग इंदिरा शर्मा, नगर परिषद आयुक्त शशिकांत शर्मा, सीएमएचओ डॉ. अशोक चौधरी, डीओआईटी संयुक्त निदेशक सत्यनारायण चौहान, अधीशाषी अभियन्ता रामकुमार चाहिल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

अतिरिक्त जिला कलेक्टर रतन कुमार ने साप्ताहिक समीक्षा बैठक ली।

यूडीएच राज्य मंत्री खर्रा आज सीकर जिले के दौरे पर रहेंगे

सीकर (निसं)। नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन राज्य मंत्री झाबर सिंह खर्रा 4 नवम्बर व 5 नवम्बर 2025 को सीकर जिले के दौरे पर रहेंगे। अतिरिक्त जिला कलेक्टर रतन कुमार ने बताया कि राज्य मंत्री झाबर सिंह खर्रा 4 नवंबर को प्रातः 10:30 बजे सीकर में जैन भवन, बजाज रोड में सांसद सी.पी. जोशी के जन्मदिवस पर आयोजित रक्तदान शिविर कार्यक्रम में भाग लेंगे। राज्य मंत्री खर्रा सीकर से दोपहर 02:30 बजे प्रस्थान कर सायं 4 बजे रामगढ शेखावाटी पहुंचेंगे तथा ऐतिहासिक शहर श्रृंखला रामगढ़ शेखावाटी संस्करण द्वारा आयोजित कार्यक्रम में भाग लेंगे और रात्रि विश्राम रामगढ शेखावाटी में करेंगे।

राज्य मंत्री झाबर सिंह खर्रा 05 नवम्बर को प्रातः 09:30 बजे रामगढ शेखावाटी में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेंगे। राज्य मंत्री खर्रा रामगढ शेखावाटी से प्रातः 11 बजे प्रस्थान कर दोपहर 12.30 बजे नेछवा में रामेश्वरम् द्वारा आयोजित लोकार्पण एवं मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में भाग लेंगे। राज्य मंत्री खर्रा नेछवा से दोहपर 1:30 बजे प्रस्थान कर अपराह्न 3 बजे माजीपुरा (गणेशपुरा) में सामाजिक कार्यक्रम में भाग लेंगे।

झुंझुनूं पुलिस की एरिया डोमिनेशन अभियान के तहत कार्रवाई में 55 जनों को धरा

झुंझुनूं, (निसं)। एसपी बृजेश ज्योति उपाध्याय के निर्देशन में झुंझुनूं पुलिस ने एरिया डोमिनेशन अभियान के तहत बदमाशों के ठिकानों और वांछित अपराधियों की तलाश में छापामारी की।

दो दिन तक मारे गए छापों के लिए 264 पुलिस अधिकारियों और पुलिसकर्मियों की 70 टीमें पूरे जिले में बनाई गई थी। जिसने दो दिनों में कुल 380 जगहों पर दबिशें देकर 55 वांछित अपराधियों, आदतन बदमाशों को गिरफ्तार किया है। एसपी बृजेश ज्योति उपाध्याय ने बताया कि सबसे बड़ी उपलब्धि चिड़ावा पुलिस की रही। जिसने क्षेत्र में सक्रिय आरबीएम गैंग के मुख्य तीन सरगनाओं और हिस्ट्रीशीटर राकेश झाझड़िया, विकास उर्फ भैरू तथा कैलाश उर्फ मिंटू को गिरफ्तार किया है।

इसके अलावा महिला अत्याचार के प्रकरणों में वांछित दो, जघन्य अपराधों में वांछित तीन, सामान्य अपराध में वांछित एक, गिरफ्तारी वारंटी मे फरार आठ, आर्म्स एक्ट में एक, शराब प्रकरण के नए दर्ज प्रकरणों में तहीन, अन्य अधिनियम में एक एवं शांतिभंग में 32 जनों समेत कुल 51 को गिरफ्तार किया गया तथा संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की गई।

आर्म्स एक्ट में एक प्रकरण दर्ज कर दो जिंदा कारतूस जब्त किए गए। एक मुल्जिम गिरफ्तार किया गया। इसी तरह आबकारी अधिनियम के तहत पांच प्रकरण दर्ज किए जाकर तीन मुल्जिमान गिरफ्तार किए गए तथा 48 पव्वे अवैध देशी शराब, पांच लीटर हथकड़ शराब व 119 पव्वे अंग्रेजी शराब के जब्त किए गए। गिरफ्तार व्यक्तियों की वर्तमान गतिविधियों का सत्यापन किया गया।

एसपी ने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य जिले में शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखना, अपराधियों को सक्रिय होने से रोकना, अपराधियों-गैंगस्टर के पीछे जाकर रास्ते से भटके हुए व्यक्तियों-मुल्जिमानों को सही रास्ता दिखाना, अपराधियों-गैंगस्टर द्वारा निकट भविष्य में किए जाने वाले अपराध की जानकारी प्राप्त कर अपराध व गैंगवार को रोकना, विभिन्न प्रकरणों में भगौड़े व वांछित मुल्जिमानों की गिरफ्तारी करना और जनता में सुरक्षा की भावना को मजबूत करना है। पुलिस जिले के नागरिकों की सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्ध हैं और भविष्य में भी इस तरह के अभियान जारी रहेंगे। ताकि आमजन में सुरक्षा की भावना बनी रहे एवं असामाजिक तत्वों पर अंकुश लगाया जा सके। इस अभियान का उद्देश्य कानून व्यवस्था की स्थिति को सुदृढ़ करना था। जिला पुलिस नागरिकों से किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील करती है।

- हिस्ट्रीशीटर राकेश झाझड़िया, विकास उर्फ भैरू व कैलाश उर्फ मिंटू भी गिरफ्तार

झुंझुनूं पुलिस ने एरिया डोमिनेशन अभियान के तहत बदमाशों के ठिकानों और वांछित अपराधियों की तलाश में छापामारी की।

सार-समाचार

निशान यात्रा निकाली

मुकुंदगढ़, (निसं)। देलसर के श्री श्याम मंदिर देलसर धाम में रविवार रात्रि को बाबा श्याम का 127वां जन्मोत्सव भक्ति और उल्लास के साथ मनाया गया। मंदिर परिसर को फूलों, रोशनी और रंग-बिरंगी झालरों से सजाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत शाम को हुई विशाल निशान यात्रा से हुई। जिसमें सैकडों श्याम भक्तों ने नाचते-गाते जय श्री श्याम के जयकारे लगाते बाबा के द्वार पहुंचे। पूरा कार्यक्रम पूजारी अरुण शर्मा एवं महंत रोशनदास महाराज के सानिध्य में संपन्न हुआ। निशान यात्रा के बाद मंदिर प्रांगण में छप्पन भोग प्रसादी, भजन-कीर्तन, श्याम झांकी दर्शन और केक कटिंग समारोह का आयोजन हुआ। रात्रि में भक्ति और आनंद का अद्भुत संगम देखने को मिला। भजन मंडली द्वारा प्रस्तुत भजनों पर भक्तों ने नृत्य करते हुए बाबा का जयकारा लगाया। वातावरण पूरी तरह श्याममय हो गया। कार्यक्रम के अंत में भव्य आतिशबाजी ने देलसर धाम के आसमान को जगमगा दिया। जय श्री श्याम के जयघोष से पूरा क्षेत्र गुंजायमान हो उठा। महंत रोशनदास महाराज ने इस अवसर पर कहा कि बाबा श्याम का संदेश प्रेम, भक्ति और सेवा का है।

कार्यशाला आयोजित

रतनगढ़ (निसं)। महाप्रज्ञ अलंकरण दिवस के उपलक्ष्य में अणुव्रत विश्व भारती सोसायटी द्वारा आयोजित तीन दिवसीय कार्यक्रम के दूसरे दिन महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय पंडितपुर में हुई जीवन विज्ञान कार्यशाला में महाप्राण ध्वनि और कायोत्सर्ग का प्रायोगिक अभ्यास करवाया गया । दीप प्रज्ज्वलन से शुरू हुए कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे पंडितपुर युवक संघ के अध्यक्ष विनोद कुमार चौमाल ने जीवनोपयोगी अभ्यासों की निरंतरता बनाए रखने का आव्हान किया। अणुव्रत समिति के अध्यक्ष कुलदीप व्यास ने विद्यार्थियों के लिए जीवन विज्ञान का महत्व समझाया और विभिन्न क्रियाओं की विधि बताते हुए प्रायोगिक अभ्यास करवाया।जैन श्वेतांबर तेरापंथी सभा के अध्यक्ष मोतीलाल तातेड़ ने कहा कि जीवन को तनावरहित और सहज बनाने में जीवन विज्ञान हमें एक वरदान के रूप में सुलभ है।

अधिशाषी अभियंता को ज्ञापन दिया

तारानगर (निसं)। तारानगर कस्बे के गाँव धीरवास छोटा व रांगेडी के ग्रामीणों ने कांग्रेस जिला महासचिव कृष्ण कुमार सहारण के नेतृत्व में जलदाय विभाग के अधिशाषी अभियंता राजेश कुमार को ज्ञापन देकर गाँव की पेयजल समस्या को दुरुस्त करने की मांग की है। ग्रामीणों ने बताया कि इस सर्दी की ऋतू में लोगों को पीने के लिए पानी नहीं है एवं गर्मियों में तो पानी के लिए हालत खराब हो जाती है। समय रहते मांग नहीं मानने पर ग्रामीणों ने उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है।

वांटेड रामचंद्र की तलाश में झुंझुनूं आई गुजरात पुलिस

झुंझुनूं, (निसं)। गुजरात पुलिस के वांटेड चूरू जिले के रहने वाले और हाल झुंझुनूं निवासी रामचंद्र नाम के व्यक्ति के डेथ सर्टिफिकेट की पुष्टि और परिजनों के बयान लेने के लिए गुजरात के मोरबी जिले की मालिया थाना पुलिस झुंझुनूं आई। मालिया थानाधिकारी कुलदीप सिंह ने बताया कि 2015 में मालिया थाने में एक अवैध शराब का प्रकरण चल रहा है। जिसमें चूरू जिले के हमीरवास थाना क्षेत्र के रामचंद्र उर्फ राजेंद्र पुत्र निहाल सिंह की गुजरात पुलिस को तलाश थी।

कुछ समय पहले मालिया थाना पुलिस को रामचंद्र का डेथ सर्टिफिकेट मिला। जिसकी जांच करने और रामचंद्र की मृत्यु हो गई है। उसकी पुष्टि करने के लिए मालिया थाने के हैड कांस्टेबल विक्रम तथा कांस्टेबल चतुर मकवाना की दो सदस्यों की टीम झुंझुनूं आई। जिन्होंने झुंझुनूं कोतवाली पुलिस को सूचना देकर इमदाद ली और किसान कॉलोनी में एक चिकित्सक के घर पूछताछ के लिए पहुंच गई। दरअसल चिकित्सक के पिता का नाम भी रामचंद्र है। जिसके कारण गफलत हो गई। लेकिन कुछ देर बाद स्थिति साफ होने के बाद गुजरात पुलिस इसी चिकित्सक के मकान से कुछ दूरी पर दूसरे रामचंद्र के मकान में भी गई।

लगभग गुजरात पुलिस के सामने स्पष्ट हो गया था कि जिस रामचंद्र उर्फ राजेंद्र पुत्र निहाल सिंह की गुजरात पुलिस को तलाश है। यह दूसरा मकान उसी का है। लेकिन रामचंद्र की पत्नी को फोन किया तो वह बयान दर्ज करवाने आई नहीं। इसलिए गुजरात पुलिस के सामने आए रामचंद्र के डेथ सर्टिफिकेट की पुष्टि नहीं हो पाई। हालांकि इसके बाद गुजरात पुलिस राजकीय जिला बीडीके अस्पताल गई। जहां पर पीएमओ डॉ. जितेंद्र भांबू से मुलाकात की और रामचंद्र के डेथ सर्टिफिकेट को लेकर जांच की। लेकिन डॉ. भांबू ने नियमानुसार जानकारी देने की बात कही। इसके बाद गुजरात पुलिस वापिस लौट गई। मालिया थानाधिकारी ने बताया कि अभी तक यह साफ नहीं हो पाया है कि रामचंद्र की मृत्यु हो गई है और जो डेथ सर्टिफिकेट गुजरात पुलिस को मिला है। वो सही है। उन्होंने बताया कि 2015 का अवैध शराब का प्रकरण है। जिसमें चूरू जिले के हमीरवास थाना इलाके का रामचंद्र वांछित है। जो सर्टिफिकेट गुजरात पुलिस को मिला है। वो 30 अगस्त 2018 को राजकीय जिला बीडीके अस्पताल का जारी हुआ है। जिसमें रामचंद्र की मृत्यु 28 अगस्त 2018 को होना बताया गया है। इसकी पुष्टि होने के बाद आगे कुछ कहा जा सकता है। माना जा रहा है कि इस प्रकरण में गुजरात पुलिस वापिस झुंझुनूं आ सकती है। गुजरात पुलिस की कार्रवाई को लेकर झुंझुनूं शहर में तरह-तरह की चर्चाएं है। पर यह साफ है कि जिस चिकित्सक के घर पर गुजरात पुलिस गई थी। वो सिर्फ एक जैसे नाम होने की गफलत थी। जो साफ हो गई है। इधर, शहर कोतवाल हरजिंदर सिंह ने भी बताया कि गुजरात पुलिस ने झुंझुनूं कोतवाली से इमदाद ली थी। वे अपनी जांच कर वापिस लौट गए।

जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

झुंझुनूं, (निसं)। देवउठनी एकादशी से शुरू होने वाले शादी-विवाह के मौसम के मद्देनजर जिले में बाल विवाह के खिलाफ मुहिम चला रहे गैरसरकारी संगठन राजस्थान महिला कल्याण मंडल ने जिला प्रशासन व जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण (डीएलएसए) से बाल विवाहों की रोकथाम के लिए सख्त निगरानी और अत्यधिक सतर्कता बरतने का अनुरोध किया है।

संगठन ने जिला प्रशासन को भेजी गई चिट्ठी में बाल विवाहों की रोकथाम सुनिश्चित करने के लिए कडी चौकसी की अपील की है। ताकि ऐसी कोई भी घटना प्रशासन की जानकारी से ओझल नहीं रह सके और तत्काल कार्रवाई की जा सके। साथ ही, जन-जन तक यह संदेश पहुंचाना आवश्यक है कि यदि किसी भी व्यक्ति के पास किसी संभावित बाल विवाह की जानकारी है तो वह तत्काल पुलिस हेल्पलाइन 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 या स्थानीय थाने को सूचित करे ताकि इस अपराध को रोका जा सके। संगठन ने एक नवंबर से शुरू हो रहे शादी-ब्याह के मौसम को देखते हुए जिला प्रशासन से सरपंचों, आंगनबाडी कार्यकर्ताओं और पुलिस को अतिरिक्त सतर्कता बरतने का निर्देश देने की अपील की है। इसके साथ ही संगठन ने आज से ही गांवों और स्कूलों में बाल विवाह के खिलाफ जागरूकता अभियान को गति देने का फैसला करते हुए धार्मिक नेताओं से भी इस मौके पर अतिरिक्त सतर्कता बरतने की अपील की है। राजस्थान महिला कल्याण मंडल के निदेशक राकेश ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने 2024 के अपने ऐतिहासिक फैसले में जिलों को बाल विवाहों की रोकथाम के लिए सतर्क रहने को कहा है। हम जिला प्रशासन से सिर्फ सुप्रीम कोर्ट के दिशा निर्देशों पर अमल की मांग कर रहे हैं।

केंद्रीय महिला एवं बाल कल्याण मंत्रालय ने भी वर्ष 2030 तक बाल विवाह के खात्मे के लक्ष्य के साथ 27 नवंबर 2024 को बाल विवाह मुक्त भारत अभियान की शुरुआत की थी। आज हम बाल विवाह के खात्मे के मुहाने पर खड़े हैं। हालांकि इस दिशा में हमारे प्रयास अर्से से जारी हैं लेकिन यह एक अहम समय है क्योंकि बहुत सारे परिवार इस शुभ मुहूर्त का उपयोग बच्चों की शादी के लिए करते हैं। इस शुभ मुहूर्त की गरिमा को बनाए रखने के लिए हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि एक भी बाल विवाह नहीं होने पाए। राजस्थान महिला कल्याण मंडल बाल अधिकारों की सुरक्षा व संरक्षण के लिए देश के नागरिक समाज संगठनों के सबसे बड़े नेटवर्क जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन का सहयोगी संगठन है।

संगठन भारत सरकार की ओर से पिछले साल शुरू किए गए बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के नक्शे कदम पर पिछले कई वर्षों से जिले को बाल विवाह मुक्त बनाने के लिए लगातार जमीनी प्रयास कर रहा है। सुरक्षा, बचाव व अभियोजन मॉडल पर अमल करते हुए संगठन स्कूलों, समुदायों व गांवों में जागरूकता अभियान चला रहा है। बाल विवाह के खिलाफ लड़ाई में धार्मिक नेताओं को जोड़ रहा है और अपराधियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए कानून लागू करने वाली एजेंसियों के साथ करीबी सहयोग से काम कर रहा है। संगठन ने जिला प्रशासन को सभी सरपंचों को यह निर्देश देने को के क्रम में निवेदन किया है कि वे अपने गांव में होने जा रहे सभी विवाहों की निगरानी करें और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं से अपने इलाके में इन विवाहों की सूची तैयार करें।

साथ ही, स्कूलों को भी सतर्क किया जाए कि इन दिनों अगर कोई बच्चा गैरहाजिर है तो वे इसकी वजह पता करें। संगठन ने सभी धार्मिक नेताओं और विवाह समारोह में टेंट, सजावट या बैंड बाजा मुहैया कराने वाले सेवा प्रदाताओं से अनुरोध किया है कि वे सुनिश्चित करें कि वे किसी भी बाल विवाह में अपनी सेवाएं देकर इसका हिस्सा नहीं बनेंगे। बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम (पीसीएमए) 2006 के अनुसार जो भी किसी भी तरह से बाल विवाह में भागीदारी करता है, सेवाएं प्रदान करता है, इसे संपन्न या निर्देशित करता है, उसे दो साल का सश्रम कारावास और एक लाख रुपए जुर्माना या दोनों हो सकता है।

प्रिया शर्मा सीए बनी

झुंझुनूं, (निसं)। शहर के मान नगर निवासी प्रिया शर्मा पुत्री शिव कुमार शर्मा ने सीए फाइनल परीक्षा परिणाम में सफलता हासिल की है।

प्रिया के चाचा डॉ. गोपाल शर्मा ने बताया कि प्रिया ने कडी मेहनत के दम पर सीए की परीक्षा में सफलता प्राप्त की।

कार्यालय नगरपालिका मण्डल रावतसर जिला हनुमानगढ़ (राज)

क्रमांक -न.पा.रा./भू/2025/1982 दिनांकः 29/10/2025

आपति आमत्रंण सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री छगनलाल पुत्र श्री चुन्नाराम जाति ब्राह्मण निवासी स्वरूपदेसर तहसील पल्लू जिला हनुमानगढ ने खरीदशुदा भूखण्ड के दस्तावेजों की फोटोप्रति प्रस्तुत कर आवासीय भूखण्ड साईज 1529.25 वर्गफुट का नामान्तरण अपने नाम से पालिका रिकोर्ड में दर्ज करवाने हेतु ऑनलाईन आवेदन किया है। जिसका मूल पट्टा नगरपालिका रावतसर द्वारा श्रीमती शिला पत्नि श्री दलीप जाति भाट के नाम से साईज 1529.25 वर्गफुट का जारीशुदा है। श्रीमती शिला ने उक्त भूखण्ड जरिये पंजीकृत बैचनामा दिनांक 25.07.2025 द्वारा श्री छगनलाल पुत्र श्री चुनाराम को बैचान कर दिया। जिसका प्रार्थी अपने नाम से नामान्तरण पालिका रिकोर्ड में दर्ज करवाना चाहता है। अतः उक्त आवासीय भूखण्ड के नामान्तरण दर्ज करने में अगर किसी को कोई आपति हो तो इस सूचना के समाचार पत्र में प्रकाशन होने के 07 दिवस की अवधि में अपनी आपति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त आपती पर कोई विचार नही किया जावेगा।

रजनीश चौधरी, अधिशाषी अधिकारी,
नगरपालिका रावतसर

कार्यालय नगर परिषद, झुन्झुनू (राज.)

कमाकं :- राजस्व/नपझु/2025-26/13914 दिनाकं :- 29-10-25

सार्वजनिक आपति विज्ञिप्त

निम्न आवेदक के द्वारा उनके नाम के सामने अंकित भूमि/भवन का विवाह स्थल की अनुमति चाहने बाबत इस परिषद में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। वांछित स्वीकृति / आदेश जारी करने से पूर्व इस संबंध में आपति प्रकाशन की तिथि से 7 दिवस में आपतियां मय सबूत आंमत्रित की जाती है। बाद मियाद आपतियां विचारणीय नहीं होगी।